महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)
नैक द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त **Accredited with 'A' Grade by NAAC**

ज्ञान शांति मैत्री

प्रो. आनन्द पाटील
कुलसचिव (कार्यवाहक)
Prof. Anand Patil
Registrar (Acting)

दूरभाष/Phone : +91-7152-230902

क्रमांक : 006/स्था./स.अ./2022/09/652
दिनांक : 07.05.2025

परिपत्र

विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष/प्रभारी, केन्द्र निदेशक, निदेशक – दूर शिक्षा निदेशालय, निदेशक – वर्धा समाज कार्य संस्थान, क्षेत्रीय केन्द्रों के अकादमिक निदेशक, प्रभारी आदि दायित्वों का स्वरूप पूर्णतः 'प्रशासनिक' है। अतः सत्रान्त अवकाश अवधि में इन अधिकारियों की अपने–अपने कार्यालयों में नियमित उपस्थिति अपेक्षित है।

इस अवधि में उनकी उपस्थिति के प्रतिफलस्वरूप उन्हें नियमानुसार अर्जित अवकाश (Earned Leave) देय होंगे। इस सम्बन्ध में आवश्यकतानुसार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) विनियम, 2018 के सम्बम्धित प्रावधानों का अवलोकन किया जा सकता है।

उपर्युक्त के अतिरिक्त, विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में निर्गत परिपत्र क्रमांक 006/स्था./स.अ./2022/09/635, दिनांक 05.05.2025 के आलोक में यह निर्देशित किया जाता है कि ग्रीष्मावकाश के दौरान जो अधिकारी मुख्यालय/केंद्र से बाहर जा चुके हैं, उन्हें 'समर्थ' पोर्टल (Samarth Portal) के माध्यम से नियमानुसार अवकाश हेतु आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

जो अधिकारी वर्तमान में अपने–अपने कार्यालयों में दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं, यदि उन्हें किसी कारणवश मुख्यालय/केन्द्र छोड़ना आवश्यक हो, तो उन्हें मुख्यालय छोड़ने से पूर्व 'समर्थ' पोर्टल (Samarth Portal) के माध्यम से नियमानुसार अवकाश हेतु आवेदन करते हुए अपनी अनुपस्थिति की अवधि में दैनन्दिन प्रशासनिक कार्यों के संचालन हेतु किसी वरिष्ठ शिक्षक को विधिवत प्रभार सौंपना होगा।

इसे सक्षम प्राधिकारी की अनुमोदनोपरान्त निर्गत किया जाता है।

07/05/25

(प्रो. आनन्द पाटील)

प्रति (ई–मेल द्वारा): उपर्युक्तानुसार समस्त सम्बन्धित।

प्रतिलिपि (ईमेल द्वारा):

1. माननीय कुलपति कार्यालय
2. समस्त अधिष्ठाता, विभाग अध्यक्ष/प्रमुख/केंद्र निदेशक
3. निदेशक, वर्धा समाज कार्य संस्थान
4. निदेशक, दूर शिक्षा निदेशालय
5. निदेशक, आन्तरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ
6. मुख्य सतर्कता अधिकारी
7. अकादमिक निदेशक, क्षेत्रीय केन्द्र, प्रयागराज
8. प्रभारी, क्षेत्रीय केन्द्र, कोलकाता
9. प्रभारी, सर्वज्ञ श्री चक्रधर स्वामी मराठी भाषा तथा तत्त्वज्ञान अध्ययन केन्द्र, रिद्धपुर (अमरावती)
10. पुस्तकालयाध्यक्ष
11. कुलानुशासक
12. मुख्य छात्रावास अधीक्षक
13. समस्त छात्रावास अधीक्षक
14. वित्ताधिकारी (कार्यवाहक)
15. परीक्षा नियन्त्रक (कार्यवाहक)
16. अकादमिक विभाग
17. अन्य प्रशासनिक विभाग/कार्यालय/अनुभाग/प्रकोष्ठ
18. प्रभारी–'लीला' (वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु)
19. रक्षित पत्रावली।

पोस्ट – हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा–442001 (महाराष्ट्र), भारत
Post – Hindi Vishwavidyalaya, Gandhi Hills, Wardha-442001 (Maharashtra), INDIA
ई–मेल/E-mail: registrar@mgahv.in वेबसाइट/**Website:** www.hindivishwa.org